संख्या- 5/3363/12-2-2013-23/2012

प्रेषक,

इन्द्रदेव पटेल,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 25 नवम्बर, 2013

विषय: मृदा स्वास्थ्य सुदृढीकरण योजनान्तर्गत 182 तहसील स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं द्वारा मृदा परीक्षण कार्यक्रम के विस्तार की कार्य योजना वर्ष 2013-14 की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या शो0 एवं मृ सर्वे0/95/तह0स्त0मृ0परी0प्रयो0 दिनांक 06 अप्रैल, 2013 तथा पत्र संख्या शो0 एवं मृ सर्वे0/520/तह0स्त0मृ0परी0प्रयो0 दिनांक 11 अक्टूबर, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन ने सम्यक विचारोपरान्त मृदा स्वास्थ्य सुदढीकरण योजनान्तर्गत 182 तहसील स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं द्वारा मृदा परीक्षण कार्यक्रम के विस्तार की कार्य योजना वर्ष 2013-14 की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान कर दी है कि उक्त योजनान्तर्गत कार्मिकों के मानदेय की वृद्वि 20 प्रतिशत से अधिक न की जाये, जो कि दिनांक 01 नवम्बर, 2013 से होगी। इसके पूर्व की अवधि में पुरानी दर ही लागू रहेगी। साथ ही मानदेय/पारिश्रमिक में वृद्वि के सापेक्ष सेवाशुल्क तथा सेवाकर में वृद्वि अनुपातिक रखते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

2. कृपया उपरोक्त निर्देशों का कडाई से पालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(इन्द्रदेव पटेल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in